हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 20 मार्च, 2015/29 फाल्गुन, 1936 (शक्)

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

एच0डी0एफ0सी0 बैंक में जमा राशि

794 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि 1 जनवरी, 2010 से 31 दिसम्बर, 2014 तक बागवानी विभाग के पास HMNEH (HTM) व अन्य योजनाओं की धनराशि HDFC बैंक के पास जमा की गई थी; यदि हां, तो जमा की गई राशि का ब्यौरा योजनावार व वर्षवार दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार सरकारी धनराशि को राष्ट्रीयकृत एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित बैंकों में जमा करने को प्राथमिकता देनी है; यदि हां, तो विभाग को HDFC निजी बैंक में सरकारी धनराशि जमा करने की क्या आवश्यकता पड़ी; ब्यौरा कारण सहित दें ?

पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक

795 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सैनिक कल्याण बोर्ड हमीरपुर में कितने भूतपूर्व सैनिक पंजीकृत हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिकों में से कितनों को नौकरी दी गई है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इनको नौकरी क्या वरिष्ठता के आधार पर दी गई है; यदि हां, तो ब्यौरा वरिष्ठता सूची सहित दें ?

टिशू कल्चर लैब

796 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (NHB) द्वारा कहां-कहां व किस-किस के नाम Tissue Culture Lab को अनुदान व स्वीकृति दी गई; ब्यौरा Tissue Culture Lab का अनुदान प्राप्त करने वालों के नाम सहित दें; और

(ख) प्रत्येक Tissue Culture Lab के लिए कितना-कितना अनुदान प्रस्तावित है या दिया गया?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 4 मार्च, 2015. **सचिव।**